Denik Meerut Darpan 8 october 2020_Denik Meerut Darpan 8 october 2020.qxd 10/8/2020 5:24 PM Page 1

दैनिक

मेरठ दर्पण

RNI. NO. UPHIN/2016/69845

वर्षः 05 अंक 81 मेरठ, गुरूवार 08 अक्टूबर, 2020, पृष्ठ 4 मूल्य एक रूपया

WWW.MEERUTDARPAN.com YouTube/meerut darpan news Whatsapp:- 9897419837 आईना सच का...

mrtdarpan@gmail.com

यदि आप कोई खबर या फोटो हमें भेजना चाहते है तो ई-मेल या व्हाट्सप ऐप पर भेज सकते है।

कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच मुजफ्फरनगर में रालोद की महारैली

मुजफ्फरनगर, एजेंसी। राष्ट्रीय लोकदल की गुरुवार को मुजफ्फरनगर में होने जा रही लोकतंत्र बचाओ महापंचायत और रैली को लेकर नगर सहित राजकीय इंटर कॉलेज का मैदान छावनी बन गया है। इस बीच दोपहर डेढ़ बजे तक बड़ी संख?या में रैली स्थल पर भीड़ पहुंच चुकी थी। करीब पांच हजार लोग यहां पर पहुंच गए हैं।

रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा लाठी मेरे ऊपर नहीं, बल्कि किसान को खत्म करने के लिए पड़ी है। सुबे में बागडोर ऐसे इंसान के हाथ में है जो खौफ खाते हैं। उन्होंने कहा चौधरी चरण सिंह जी ने सिखाया था किसी गरीब के साथ अन्याय सहन नहीं करना। बोले मेरी भी बहन, बेटी, बुआ हैं और किसी भी बहन बेटी के साथ अन्याय होने पर खून खौलता है। एक बहन को इंसाफ दिलाने के लिए हाथरस गया था। उन्होंने कहा यह कौन सा संस्कार है जो रात में चिता को आग लगा दी जाती है। भाजपा सरकार किसान का दर्द नहीं समझती। कृषि विधायक से किसान की जमीन छीनना चाहती है। ऐसी साजिश रची जा रही है ताकि किसान अडानी और अंबानी की नौकरी करें। युवाओं से कहा वापस आ जाओ आपके लिए तो मैं 100 लाठी खाने को भी तैयार हैं। रैली को मुख्य रूप से जयंत चौधरी, रालोद उपाध्यक्ष, परवाल रेवन्ना, सांसद जनता दल एस दीपेंद्र हुड्डा, सांसद कांग्रेस धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद अभय सिंह चौटाला, एमएलसी हरेंद्र मालिक संबोधित करेंगे। रैली को पूर्व सांसद (खाप चौधरियों ने भी समर्थन दे रखा है। संभवतः बलियान खाप के चौधरी व भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत भी रहेंगे। भाकियू के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं। प्रशासन 200 लोगों की अनुमति देने को तैयार था, लेकिन रालोद 5-6 हज़ार की भीड़ का अंदाजा दे रहे थे। आखिरकार अनुमति नहीं दी गई। प्रशासनिक व्यवस्था सामान्य है।

बहुजन क्रांति मोर्चा ने मनीषा हत्याकांड को लेकर कंकर खेड़ा के शिव चौक पर योगी मोदी का पुतला फूंकते कार्यकर्ता।

भाजपा के नवान्न चलो आंदोलन में बंगाल में उबाल, प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठीचार्ज

कोलकाता, एजेंसी। बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ हालिया हिंसा, बिगड़ती कानून व्यवस्था समेत अन्य मुद्दे पर भाजपा की ओर से गुरुवार को बुलाए गए नवान्न चलो आंदोलन को लेकर कोलकाता व हावड़ा सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में सुबह से ही जमकर बवाल हो रहा है। राज्य सरकार के खिलाफ हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता राज्य के अलग-अलग हिस्सों में रैलियां कर रहे हैं और राज्य सचिवालय नवान्न की तरफ बढ़ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने विद्यासागर सेतु और हावड़ा ब्रिज सहित अन्य सड़कों को पूरी तरह से बंद कर दिया है और जगह-जगह बैरिकेडिंग भी लगा दी गई है।

इस बीच राजधानी कोलकाता व हावड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस में जमकर भिड़ंत हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं पर जमकर लाठियां बरसाईं। उनके ऊपर वॉटर कैनन छोड़े गए, जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता घायल हुए हैं।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजू बनर्जी भी इसमें बुरी तरह घायल हो गए हैं। भाजपा ने दावा किया है कि उन पर पुलिस ने केमिकल अटैक किया। जिसके बाद बनर्जी को खून की उल्टी हुई। उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदर्शन को देखते हुए भाजपा राज्य मुख्यालय के बाहर भी भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया था।

बीच सड़क पर धरने पर बैठे कैलाश विजयवर्गीय

भाजपा के इस नवान्ना चलो आंदोलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय समेत तमाम नेता और कार्यकर्ता सड़क पर हैं। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने कहा कि पुलिस हमारे लोगों पर लाठीचार्ज कर रही है। कोलकाता के खिदिरपुर की तरफ एक विशेष समुदाय की तरफ से कार्यकर्ताओं पर पथराव किया जा रहा है। क्या पुलिस उसे नहीं देख सकती?

वहीं पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गए हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि बंगाल सरकार के भीतर डर है। इस कारण वह विरोध के बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकारों को भी नकारने में लगी है। राज्य सचिवालय नवान्न को भी बंद कर दिया गया है। गौरतलब है कि नवान्न चलो आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने सुबह में अचानक राज्य सचिवालय नवान्न को सैनिटाइज करने के लिए 2 दिन तक बंद करने की घोषणा कर दी। इस बात से भाजपा कार्यकर्ता और उग्र हो गए।

भाजपा के नवान्न चलो आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठियां चलाई गईं। भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं पर वॉटर कैनन व टियर गैस के गोले छोड़े गए। भाजपा का आरोप है कि वे शांति के मार्च निकाल रहे थे लेकिन उनके ऊपर पथराव किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इसके खिलाफ कोलकाता में बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि हम लोग लोकतांत्रित तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन ममता बनर्जी ने हम लोगों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को हिंसा में बदल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के साथ आए उपद्रवियों/ बदमाशों ने हम लोगों पर पत्थर बरसाए। उनका इशारा तृणमूल के गुंडों पर था।

भाजपा के नवान्न चलो आंदोलन के चलते बंगाल सरकार ने दो दिनों के लिए बंद किया राज्य सचिवालय भाजपा के नवान्न चलो आंदोलन के चलते राज्य सरकार ने गुरुवार सुबह में 2 दिनों के लिए राज्य सचिवालय नवान्न को बंद करने की अचानक घोषणा कर दी। हालांकि सचिवालय को बंद करने के पीछे राज्य सरकार ने सैनिटेशन का काम होना बताया है।

जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं: प्रधानमंत्री

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी त्योहारों, ठंड के मौसम और अर्थव्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर गुरुवार को कोविड-19 से निपटने के लिए लोगों के समुचित व्यवहार के बारे में ट्विटर पर एक जन आंदोलन की शुरुआत की।

उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट कर लोगों से आग्रह किया कि जब तक कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए कोई टीका नहीं बन जाता तब तक उन्हें हर सावधानी बरतनी है और तनिक भी ढिलाई नहीं करनी है। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस से बचें। हाथ धोएं बार-बार। सही से मास्क पहनें। निभाएं दो गज की दूरी। जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

मोदी ने कोरोना वायरस से बचाव संबंधी संदेशों के साथ तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें वह खुद गमछा लपेटे हुए हैं और हाथे जोड़कर लोगों से बचाव का आग्रह करते दिख रहे हैं। अभियान को धार देने के लिए उन्होंने यूनाइट टू फाइट कोरोना हैशटैग का भी उपयोग किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर कोरोना वायरस के खिलाफ सफलता हासिल करेंगे और इस लड़ाई को जीतेंगे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई लोगों द्वारा लड़ी जा रही है जिसे कोरोना योद्धाओं से मजबूती मिली है।

उन्होंने कहा, हमारे सामूहिक प्रयासों ने कई जिंदगियां बचाने में मदद की है। हमें इस गति को बरकरार रखना है और इस वायरस से नागरिकों की रक्षा करनी है। मालूम हो कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बुधवार को घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री मोदी कोविड-19 से निपटने के लिए समुचित व्यवहार के बारे में गुरुवार को ट्विटर पर %जन आंदोलन% अभियान शुरू करेंगे।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा था कि कोरोना से बचाव का एकमात्र हथियार मास्क पहनना, सामाजिक दूरी का पालन करना और लगातार हाथ धोना है। उन्होंने कहा कि इसी सिद्धांत का पालन करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर इन उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के अभियान को शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि बुधवार रात तक जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 68 लाख के पार चली गई।

थाने पहुंचे क्षेत्रीय लोग लगाया लॉटरी के करोड़ो रुपए लेकर भागने का आरोप

मेरठ। कंकर खेड़ा क्षेत्र के गोविंदपुरी निवासी भाजपा नेता कंकरखेड़ा मंडल कमेटी में पूर्व महामंत्री गिरीश साहनी के ऊपर करोड़ो रुपए की लॉटरी लेकर भागने का आरोप लगाते हुए इंस्पेक्टर बीपी राणा से मिले और थाने में तहरीर दी तहरीर देने वाले बॉबी नय्यर, ललित अरोड़ा, पंकज खटीक, अमित ठाकुर, अमित गुप्ता, दीपक रस्तोगी, गीता ठाकुर, सतप्रीत आहूजा, सत्य प्रीत सिंह प्रमोद कुमार आदि थाने में मौजूद रहे इन लोगों का कहना है कि जो बाहरी शहरी क्षेत्र के लोग हैं वे लोग गिरीश साहनी के खिलाफ थाना लाल कुर्ती में भी तहरीर देंगे।

Denik Meerut Darpan 8 october 2020_Denik Meerut Darpan 8 october 2020.qxd 10/8/2020 5:24 PM Page 2

डा.अतुल कृष्ण बौद्ध ने पेश की दोस्ती व सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के संस्थापक डा. अतुल कृष्ण बौद्ध ने अपने मुस्लिम मित्र की बेटी का कन्यादान करके शादी को मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक पूरा कराया और दोस्त की बेटी को सह सम्मान विदा कर अपना दायित्व निभाया। सुभारती विश्वविद्यालय की विभिन्न कमेटियों के चेयरमेन डा.एसडी खान की सुपुत्री डा. महविश सलीम की शादी सहारनपुर निवासी डा.मुकीम पुत्र स्व. मौ हलीम खान के साथ तय हुई थी। शादी से कुछ दिन पूर्व डा.एसडी खान बीमार हो गये और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जिस कारण वह अपनी बेटी की शादी में शामिल नही हो सकें इससे परिवार में मायूसी का माहौल बन गया। लेकिन डा. अतुल कृष्ण बौद्ध ने दोस्ती की मिसाल क़ायम करने के साथ हिन्दू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए डा. महविश सलीम की शादी पूर्ण मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक अपने नेतृत्व में सम्पन्न कराई। शादी समारोह में

कोरोना से बचाव हेतु तमाम सावधानियों पर अमल करके कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा शादी के पूरे कार्यक्रम में डा. अतुल कृष्ण बौद्ध मौजूद रहे और समस्त रस्मों को खुद अदा कराया। निकाह शहर क़ाज़ी प्रो जैनुस राशीदीन ने पढ़ाया और सरपरस्ती डा. अतुल कृष्ण बौद्ध की रही जो मेरठ की क्रान्तिधरा के लिये नई मिसाल बनी। डा. अतुल कृष्ण बौद्ध ने डा. महविश सलीम को दाम्पत्य जीवन की मंगलकामनाएं देते हुए सुसराल के लिये सह सम्मान विदा किया। उन्होंने कहा कि बेटी हमेशा पूजनीय होती है और माता पिता के सिर का ताज होती है। उन्होंने बताया कि उनके मित्र डा. एसडी खान बीमार हो गये जिस कारण वह अपनी बेटी की शादी में शामिल नही हो सकें लेकिन मित्र होने के नाते एवं सामाजिक दायित्व के रूप में बेटी की विदाई करना उनका कर्तव्या था जो सौभाग्य स्वरूप उन्होंने पूर्ण किया। उन्होंने विशेष बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय एवं उन्मुक्त भारत की विचारधारा यहीं है कि देश के सभी लोग जाति धर्म का भेदभाव खत्म करके एक दूसरे के सुख दुख में शामिल हो एवं एक दूसरे को प्रोत्साहित करें ताकि सशक्त भारत का निमार्ण किया जा सकें। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. मैराजुद्दीन अहमद, डा. सिराजुद्दीन अहमद, उमालोक कॉलिज के संस्थापक आलोक भटनागर, डा.ए.डी. खान, सुभारती ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. हिरो हितो, राजकुमार सागर, अनम शेरवानी, हर्षवर्धन कौशिक, रक्ष्मीकांत, देशराज, अनिल भारती, सेवाराम, वीरपाल, समीर खान समेत शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

व्यापारियों ने दिया एडीएम सिटी को ज्ञापन

ग़ाज़ियाबाद । लाजपत नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष ठाकुर सुखबीर सिंह जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम सिटी शैलेंद्र सिंह जी से उनके कार्यालय पर जाकर मुलाकात की और व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए । उसमें परिवर्तन करते हुए साप्ताहिक अवकाश मंगलवार करने का अनुरोध किया और साथ में ही त्यौहार के मद्देनजर रखते हुए कानून व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की और साथ में स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त कराने की मांग एडीएम सिटी महोदय से की एडीएम सिटी महोदय द्वारा मौखिक रूप से यह आश्वासन दिया गया है कि अगले सप्ताह से पहले अब कोई बुधवार की साप्ताहिक बंदी नहीं होगी जिसके लिए व्यापार मंडल के अध्यक्ष ठाकुर सुखबीर सिंह जी ने उनका धन्यवाद अदा किया इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल साथी ठाकुर सुखवीर सिंह मोहित शर्मा प्रशांत पटेल हिमांशु शर्मा सतीश मलिक जी उमेश चंद गुप्ता जी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

तब साहस मिलता था अब सजा, अतीत के आईने में गुम थ्री नाट थ्री राइफल

मेरठ, एजेंसी। अतीत के आईने में गुम हुई थ्री नाट थ्री राइफल इतिहास बन गई। अंग्रेजों के जमाने से युद्ध का रुख बदलने वाली यह राइफल पहले संतरी से लेकर पुलिस अफसरों के हमराह तक के कंधों पर सजती थी। अब थानों के मालखाने में जमा हो चुकी है। हालांकि अब भी इसका अस्तिव बरकरार है। आज भी पुलिसकर्मियों के कंधों पर रायफल सजी हुई है। हालांकि उसका मतलब बदल गया है। उस समय जवानों के कंधों पर रखी रायफल उनका आत्मबल बढ़ाती थी। अब यह रायफल पुलिसकर्मियों को सजा देने के लिए उनके कंधों पर रखी जाती है। पिछले दिनों को पुलिस लाइन में 18 पुलिसकर्मियों को कंधों पर रायफल रखकर एक घंटा शाम तो एक घंटा सुबह मैदान के चक्कर लगवाए। मकसद, ताकि भविष्य में कोई गलती न कर सके। अर्थात रायफल अभी भी पुलिस के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। दिल्ली के निर्भया कांड के बाद महिला अपराध को प्राथमिकता से लिया जाता है। चार्ज संभालते ही हर अफसर का बयान होता है कि महिला अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाएंगे। हम यहां आपको चंद रोज पहले रोडवेज की अनुबंधित बस में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के बारे में बताते हैं। आबरू लुटने के बाद महिला छह घंटे तक अस्पताल के स्ट्रेचर पर पड़ी रही। कार्रवाई के बजाए थाना प्रभारी सीमा विवाद में ही उलझे रहे, टालते रहे। उस समय पुलिस और प्रशासन के तीन शीर्ष अफसरों को चार्ज लेते समय दिए बयान याद नहीं आए। बाद में अफसर जागे तो चंद घंटों में आरोपितों को पकड़ लिया। वारदात के राजफाश में भी महिला को ही दोषी बना दिया। दर्शाया कि महिला अपनी सहमति से गई थी। अगर वह दड्क्षरदों के पास सहमति से जाती तो फिर दुष्कर्म का हल्ला क्यों मचाती। आपको आइपीसी न्याय के लिए दी गई है। इसका गलत इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। यहां एक ऐसे केस की चर्चा है, जिसमें आरोपित दारोगा होने की वजह से दुष्कर्म पीड़िता को न्याय नहीं मिल रहा है। लखनऊ तक पहुंची दुष्कर्म पीड़िता को सीएम दरबार जाने से पहले ही पुलिस उठाकर वापस ले आई। उसके बाद दारोगा की पत्नी ने दुष्कर्म पीड़िता पर भाई के साथ अगवा कर दुष्कर्म कराने का आरोप लगा दिया। पुलिस ने इस आरोप की सत्यता जाने बिना ही उसे जेल भेज दिया। इतना ही नहीं, मामले में आरोप पत्र भी कोर्ट में दाखिल कर दिया। सवाल है कि क्या दुष्कर्म पीड़िता अपने भाई के साथ मिलकर दारोगा की पत्नी को दो बार अगवा कर दुष्कर्म करा सकती है। दोनों मुकदमे में दुष्कर्म पीड़िता को पुलिस ने जेल भेज दिया।

बिजली चेकिंग के लिए गई ऊर्जा निगम की टीम के साथ मारपीट

मेरठ, एजेंसी। गुरुवार दोपहर लिसाड़ी गेट बिजली घर के एसडीओ और विजिलेंस टीम कोतवाली थाना क्षेत्र के गोला कुआं में चेकिंग करने गई थी। चार यार होटल वाली गली निवासी तनवीर पर दो लाख रुपये का बिल बकाया है। टीम को उसका कनेक्शन भी काटना था। तभी संविदा कर्मचारी इंतजार ने देखा कि पड़ोसी शाहिद अपने घर में चोरी से बिजली इस्तेमाल कर रहा है। वह छत पर चढ़कर केबल काटने लगा। आरोप है कि शाहिद और उसके स्वजनों ने गेट बंद कर इंतजार की जमकर पिटाई की। शोर सुनकर टीम बचाने दौड़ी तो आसपास के लोगों ने भी पथराव कर दिया। टीम के अन्य लोगों पर भी हमला बोल दिया। मौके पर भगदड़ मच गई। दारोगा संजीव कुमार ने स्थिति को नियंत्रित किया और टीम को लेकर थाने पहुंचे। एसडीओ एके सिंघल ने तहरीर दे दी है। कोतवाली प्रभारी देवेश शर्मा ने बताया कि हमलावरों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।

बेगमपुल चौराहे पर पुलिस ने गाड़ियों की चेकिंग की और काली फ़िल्म उतरवाई

मेरठ। सदर बाजार थाना क्षेत्र के बेगमपुल चौराहे पर पुलिस ने गाड़ियों की चेकिंग की और काली फ़िल्म उतरवाई। एएसपी डॉ इराज राजा और कृष्ण राय ने एसओ सदर विजय गुप्ता के साथ मिलकर दर्जनों गाड़ियां चेक की और उनकी काली फ़िल्म निकलवाई।
एक गाड़ी में मिले हूटर को जब्त कर लिया गया। पुलिस की कार्रवाई से हड़कम्प मच गया।

मालिक, मुद्रक प्रकाशक अंकित गुप्ता ने न्यू गोस्वामी प्रिन्टिग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः- अंकित गुप्ता
मो. 9897419837
RNI. NO. UPHIN/2016/69845
mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।

वर्चुअल जनसभा में बोले सीएम योगी, समाज को बांटने का काम कर रहा है विपक्ष

बुलंदशहर, एजेंसी। बुलंदशहर की सदर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर गुरुवार की दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल जनसभा के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने जहां विपक्ष पर जमकर निशाना साधा वहीं जनपद में हुए विकास विकास कार्यों की भी बात की वर्चुअल सभा का शुभारंभ करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को देख कर विपक्षी दल काफी घबराए हुए हैं।
पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद किया करीब 10 मिनट के अपने भाषण में प्रदेश अध्यक्ष ने उप चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी बात पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए अपनी बात शुरू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के आदर्शों पर चलकर प्रदेश सरकार किसान और मजदूरों के उत्थान का कार्य कर रही है, तमाम योजनाएं किसान और मजदूरों के लिए शुरू की गई है, जिनका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है, विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री

ने कहा कि प्रदेश में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है।
यह बोले सीएम
इसी कारण विपक्षी दल जाति और धर्म की राजनीति करने में लगे हुए हैं और प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने जनपद में हुए विकास कार्यों की भी चर्चा की, जिसमें मुख्य रुप से मेडिकल कॉलेज का निर्माण, काली नदी पर बनने वाला पुल और अनूपशहर शुगर मिल चलवा ने आदि को लेकर अपनी बात कही। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से उप चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया और कहा कि उप चुनाव में विजय ही दिवंगत पूर्व मंत्री और विधायक रहे विरेंद्र सिंह सिरोही को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, वर्चुअल सभा में करीब 1000 लोग जुड़े, मुख्य कार्यक्रम पार्टी कार्यालय पर हुआ।

Denik Meerut Darpan 8 october 2020_Denik Meerut Darpan 8 october 2020.qxd 10/8/2020 5:24 PM Page 3

सम्पादकीय

गठबंधन की गांठों की उलझती गुत्थी

बिहार में जैसे-जैसे चुनावी राजनीति मुखर हो रही है, राजनीतिक तस्वीर के नये बिंब उभरे हैं। क्षेत्रीय पार्टियों की मुखरता दिग्गज राजनीतिक दलों पर भारी पड़ रही है। लोक जनशक्ति पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने के फैसले ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाया है। हालांकि, पहले भी एलजेपी प्रवासी श्रमिकों, कोरोना संक्रमण प्रबंधन, बाढ़ आदि के मुद्दे पर सत्तारूढ़ जद-यू पर हमलावर रही है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में जद-यू अर्से से बिहार की सत्ता पर काबिज रही है। पिछला चुनाव जद-यू ने राजद व कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ा और सरकार बनायी। फिर पाला बदलकर भाजपा के साथ सरकार बनायी। दरअसल, बिहार में अब नयी पीढ़ी के राजनेताओं ने दस्तक दी है। माना जा रहा है कि अब बिहार में लालू-नीतीश दौर के बाद नयी पीढ़ी बिहार को नेतृत्व देने को तैयार हो रही है। कहा भी जा रहा है कि एलजेपी के चिराग पासवान 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। एक वजह यह भी है कि जद-यू में नीतीश के बाद दूसरी पंक्ति का नेतृत्व विकसित नहीं हो पाया है। बिहार की राजनीति में ये युवा उस शून्य को भरने की कोशिश कर रहे हैं। पेशे से नीतीश कुमार की तरह इंजीनियर चिराग पासवान बिहार की राजनीति की नयी इंजीनियरिंग की तलाश ?में नजर आ रहे हैं। उनका मकसद एलजेपी का जनाधार बढ़ाकर भविष्य की राजनीति का आधार तैयार करना भी है। चिराग पासवान यह महसूस कर रहे हैं कि राज्य में सत्ता के खिलाफ जो जनाक्रोश है, उसे वे जद-यू के खिलाफ चुनाव लड़कर पार्टी के जनाधार के रूप में हासिल कर सकते हैं। हालांकि, इस दांव को कई अन्य घटक भी प्रभावित करेंगे। उसमें यह भी निर्भर करेगा कि राजद व कांग्रेस कितने मजबूत प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारते हैं। बदले हालात में उनकी चुनावी रणनीति कैसे सिरे चढ़ती है। यह भी कि राजनीति के चतुर सुजान नीतीश कुमार चुनाव आते-आते कौन-सा नया पैंतरा चलते हैं।

हालांकि, बिहार की राजनीति में एलजेपी ऐसी ताकत कभी नहीं रही कि अपने बूते सरकार बना सके। वह अक्सर किंग मेकर की भूमिका में रही। वह बदलती हवा के साथ पाला बदलकर सरकार बनाती रही है। अब राजग से अलग होकर लड़ने से उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा भी उजागर हुई है। पहली नजर में मामला टेढ़ा नजर आता है कि बिहार में लोजपा राजग से अलग होकर चुनाव लड़े और केंद्र में राजग में बनी रही। चुनावी पोस्टरों में लिखे नारे-'मोदी तुझसे बैर नहीं, नीतीश तेरी खैर नहीं' बहुत कुछ कहते हैं। कहा जा रहा है कि लोजपा बंदूक तो चला रही है, मगर कंधा किसका है? क्या यह सब पर्दे के पीछे से बीजेपी के इशारे पर हो रहा है। सवाल यह भी है कि जब चिराग पासवान तमाम मुद्दों पर नीतीश सरकार पर हमलावर थे तो भाजपा ने उन्हें समझाने की कोशिश क्यों नहीं की? दरअसल, भाजपा भी मानकर चल रही है कि राज्य में सत्ता विरोधी रुझान नीतीश के खिलाफ है, मगर राज्य में मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है। हाल में प्रधानमंत्री ने बिहार के विकास के लिये जो सोलह हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की ताबड़तोड़ घोषणाएं की हैं, उसका लाभ भी भाजपा को मिलेगा। लोजपा भी सोच रही है कि यदि भविष्य में भाजपा-जद-यू गठबंधन को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता तो अकेले लड़कर हासिल सीटों के बूते वह किंग मेकर की भूमिका में आकर नीतीश की पार्टी पर दबाव बना सकती है। बहरहाल, अभी चुनाव से पहले बिहार की राजनीति कई तरह से करवट लेती नजर आयेगी। पिछला चुनाव जद-यू व भाजपा ने अलग होकर लड़ा था, अतः सीटों को लेकर भी गठबंधन में टकराहट सामने आयेगी। जद-यू में कई वरिष्ठ नेता नीतीश पर दबाव बना रहे हैं कि लोजपा की पहल के बाद पार्टी को राजग से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। संभव है नीतीश इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर दबाव बनायें। भाजपा भी सोचेगी कि पुराने सहयोगी शिवसेना व अकाली दल के बाद क्या वह जद-यू को भी खोने को तैयार है।

कोविड दौर में विदेशी मुद्रा भंडार की ऊंचाई

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रकाशित रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 की चुनौतियों के बीच 25 सितंबर 2020 को देश का विदेशी मुद्रा भंडार 542 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इसमें 653 मीट्रिक टन सोने का भंडार भी शामिल है। सोने के भंडार के मद्देनजर भारत दुनिया में 9वें स्थान पर है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार की ऊंचाई भारत के लिए लाभप्रद बन गई है।

निःसंदेह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम योगदान होता है। जब वर्ष 1991 में चंद्रशेखर देश के प्रधानमंत्री थे, तब हमारे देश की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। हमारी अर्थव्यवस्था भुगतान संकट में फंसी हुई थी। उस समय के गंभीर हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.1 अरब डॉलर ही रह गया था। इतनी कम रकम करीब दो-तीन हफ्तों के आयात के लिए भी पूरी नहीं थी। ऐसे में हमारे देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ने 47 टन सोना विदेशी बैंकों के पास गिरवी रख कर कर्ज लिया था।

फिर देश के द्वारा वर्ष 1991 में नयी आर्थिक नीति अपनाई गई, जिसका उद्देश्य वैश्वीकरण और निजीकरण को बढ़ाना रहा। इस नीति के पश्चात धीरे-धीरे देश के भुगतान संतुलन की स्थिति सुधरने लगी। वर्ष 1994 से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने लगा। 2002 के बाद इसने तेज गति पकड़ी। वर्ष 2004 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 100 अरब डॉलर के पार पहुंचा। फिर इसमें लगातार वृद्धि होती गई और 5 जून, 2020 को विदेशी मुद्रा भंडार ने 501 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर को प्राप्त किया। 25 सितंबर 2020 को 542 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच चुके विदेशी मुद्रा भंडार के और बढ़ने की संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं।

उल्लेखनीय है कि इस समय हमारे देश के विदेशी मुद्रा भंडार के बढ़ने की कई वजह हैं। दुनिया भर के बड़े देशों के सेंट्रल बैंकों ने जिस तरह अपने विदेशी मुद्रा कोष में गोल्ड रिजर्व बढ़ाया है, उसी तरह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी वर्ष 2018 से गोल्ड रिजर्व तेजी से बढ़ाया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में गोल्ड रिजर्व करीब 653 मीट्रिक टन के स्तर पर है। चूंकि भारत कच्चे तेल की अपनी जरूरतों का 80 से 85 प्रतिशत आयात करता है और इस पर सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च होती है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतों में कमी विदेशी मुद्रा भंडार के लिए लाभप्रद रही है। अब देश में कोविड-19 के कारण मार्च 2020 से लागू लॉकडाउन की वजह से जून 2020 तक पेट्रोल-डीजल की डिमांड कम हो गई थी, इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट ने भी विदेशी मुद्रा भंडार के व्यय में कमी की है। इसी तरह सोने के आयात में लगातार कमी से भी विदेशी मुद्रा के व्यय में कमी आई है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि सरकार ने पिछले छह वर्षों के दौरान भारत में व्यापार को आसान बनाने के लिए कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं। साथ ही सरकार ने आयात घटाने और निर्यात बढ़ाने के भी कई कदम उठाए हैं। ज्ञातव्य है कि सरकार ने पिछले छह वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने और अधिक टिकाऊ तरीके से विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव कदम आगे बढ़ाए हैं। इसके कारण भी विदेशी मुद्रा कोष बढ़ता गया है। देश में प्रतिभाशाली नयी पीढ़ी द्वारा बढ़ते शोध कार्य, डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, आउटसोर्सिंग और कारोबार संबंधी अनुकूलताओं के साथ-साथ देश में बढ़ते आर्थिक सुधारों के कारण दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के एफडीआई भारत की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा प्रकाशित वैश्विक निवेश रिपोर्ट के मुताबिक भारत वर्ष 2019 में सबसे अधिक एफडीआई आकर्षित

करने वाले देशों की सूची में 9वें क्रम पर है। वर्ष 2018 में भारत इस सूची में 12वें क्रम पर था। हाल ही में 18 सितंबर को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में बताया है कि कोरोना महामारी के बीच अप्रैल से जुलाई, 2020 में 16.26 अरब डॉलर का एफडीआई भारत आया है। इस वर्ष जनवरी, 2020 की शुरुआत से अब तक अमेरिकी टेक कंपनियां भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा रिटेल सेक्टर के ई-कॉमर्स बाजार की चमकीली संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए निवेश के साथ आगे बढ़ी हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि कोविड-19 की चुनौतियों के बीच भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने से भारत के लिए कई लाभ चमकते हुए दिखाई दे रहे हैं। कोविड-19 की अकल्पनीय आपदा से बेहतर ढंग से निपटने में विदेशी मुद्रा भंडार की प्रभावी भूमिका है। विदेशी मुद्रा भंडार के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचने के कारण ही देश के द्वारा लद्दाख सीमा पर चीन से तनातनी के बीच उपयुक्त रूप से रक्षा साजो-सामान की खरीदी की जा रही है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सरकार ने सेना को उपक्रम और हथियारों की खरीदी के लिए 2290 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। कोविड-19 के बीच विदेशी मुद्रा बाज़ार में अस्थिरता को कम करने के लिये देश का विदेशी मुद्रा भंडार प्रभावी भूमिका निभा रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से वैश्विक निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और वे भारत में अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं।)

तय करें कपल चैलेंज जरूरी है या लाईफ

यह घटना प्रतिनिधि लग सकती है, लेकिन सोशल मीडिया पर इस चैलेंज यानि कपल चैलेंज में कई लोगों के घर टूटने और रिश्तों के टूटने का अन्देषा है। हर दिन नई तरकीबें, खासकर सोशल मीडिया पर फेसबुक के जरिए ग्राहकों की संख्या बढ़ाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं। कई टाइमपास बातें 'सोशल मीडिया पर निर्बाध रूप से शुरू होती हैं, जैसे आप अतीत में कौन थे, अब आप किस तरह के प्रसिद्ध कलाकार की तरह दिखते हैं। 'कपल चैलेंज'को कुछ हफ़्ते पहले फ़ेसबुक पर लान्च किया गया था और इसके बाद 'सिंगल चैलेंज', 'फ़ैमिली चैलेंज', 'फादर-लेक चैलेंज' और भी कई सारी बातें हुई। इसके चाहनेवाले भी बड़ी संख्या में इस चुनौती को खुशी-खुशी पूरा करते नज़र आते हैं। आपकी तस्वीरों को अधिक लाइक मिले इसलिए ब्यूटी पार्लर के खर्च भी बढ़ते जा रहे है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चाहनेवाले भी पीछे नहीं हैं। इस लॉकडाउन के समय में, मोबाइल और इंटरनेट दो सबसे अधिक मांग वाले साथी बन गए हैं। आज तक, युवा लोगों और बच्चों को मोबाइल फोन के चंगुल से दूर रखने के लिए कवायद की जाती रही है। अब हर किसी का जीवन इस मोबाइल के आस-पास ही सिमटकर रह गया है। शिक्षा से लेकर आहार तक, दवाई से लेकर किराने का सामान तक सब कुछ ऑनलाइन उपलब्ध है। कोरोना के बढ़ते प्रचलन के साथ, हर कोई घर छोड़ने के बिना दुनिया से जुड़े रहने के लिए मोबाईल का प्रयोग कर रहा है। यह वही है जो ई-कॉमर्स कंपनियां सोशल मीडिया पर अक्सर चलाती हैं। चाहे वह फेसबुक हो या इंस्टाग्राम, यहां तक कि ट्विटर भी इसका अपवाद नहीं है। ट्विटर ने उपभोक्ताओं की बातचीत को भी याद दिलाया, उन विषयों के बारे में याद दिलाया जो उपभोक्ताओं ने पिछले साल उसी महीने में चर्चा और बहस की थी। किस शहर ने किन विषयों में अधिक रुचि दिखाई। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कौन से मुद्दे किस शहर के लिए अधिक अंतरंग थे, प्रत्येक आयु वर्ग की प्राथमिकताएँ क्या थी।

असल में देखा जाये तो एक तरफ, कोई भी सोशल मीडिया इंटरैक्शन आज की तारीख में सुरक्षित नहीं है। इस डेटा, फ़ोटो, वीडियो का उपयोग अनैतिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। कुछ कंपनियां अपने ग्राहक का डेटा दूसरी कंपनियों को भी बेचती हैं। यह बार-बार सामने आया है। चाहे वह ट्विटर या फेसबुक ग्राहक डेटा हो, वे इतिहास की जॉच करके एक रिपोर्ट प्रकाशित कर सकते हैं। यही है, वे ग्राहकों के डेटा उपयोग की सुरक्षा और गोपनीयता को खतरे में डालते हैं। लेकिन आम नागरिक इस बढ़ते खतरे को लगातार नजरअंदाज करते नजर आ रहे हैं। कई लोग चैलेंज, कपल चैलेंज से अपनी खास तस्वीरें दुनिया के सामने लाए। कौन गारंटी देगा कि इन तस्वीरों का गलत इस्तेमाल, अपराधियों, साइबर अपराधियों द्वारा नहीं किया जाएगा? लगभग तीन से चार महीने पहले, ठाणे में साइबर पुलिस ने एक अपराध का खुलासा किया था।

अपराधियों ने फेसबुक पर अलग-अलग उम्र के पुरुषों और महिलाओं की तस्वीरों का दुरुपयोग करके आधार कार्ड और पैन कार्ड बनाए। उसके आधार पर, उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर, बैंकों पर वित्तीय धोखाधड़ी की। वास्तव में कौन अपराध कर रहा है, इसकी जांच तब तक नहीं की गई

जब तक कि करोड़ों रुपये ठगे नहीं गए। आखिरकार, इस मामले को साइबर पुलिस को भेज दिया गया, और असली अपराधियों को पुलिस के नोटिस में लाया गया।

व्हाट्सएप के 'डीपी' के लिए सुरक्षा कवर है। फेसबुक के लिए भी ऐसा ही है। लेकिन अधिकांश समय यह काम नहीं करता है। इसलिए फेसबुक पर अलग से पोस्ट की गई तस्वीरों को आसानी से चुराया जा सकता है। आज तक, 'पोर्न' की दुनिया में बच्चों और युवाओं की तस्वीरों का अक्सर दुरुपयोग किया जाता है। विकृत मानसिकता रखने वाले अपराधी किसी महिला की तस्वीर को एक जगह पर रख कर और रिश्तेदारों या दोस्तों को भेजकर उस महिला के पारिवारिक जीवन को बर्बाद कर सकते हैं। इस तरह की सामाजिक चुनौती न केवल सामाजिक जीवन को बल्कि परिवार को भी नष्ट कर रही है।

कर्फ्यू के दौरान, सभी ने एक-दूसरे को कई तरह की चुनौतिया देकर उनके अकेलेपन को दूर करने की कोशिश की, लेकिन इन प्रयोगों के कारण, कई को अनावश्यक दुःख भी सहना पड़ा है। कई लड़कियों को अश्लील टिप्पणियों का सामना भी करना पड़ा है, जबकि गृहिणियों ने अपमानजनक शब्द सुने है।

कुल मिलाकर, सोशल मीडिया का उपयोग सामाजिक जागरूकता के साथ जागरूकता को बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। दुनिया आपके सामने सिर्फ एक क्लिक के साथ सामने आती है। जो आपके लिए सुरक्षित और उपयुक्त है उसे ही स्वीकार कीजिए अनावश्यक विषयों पर कमेंट्स कर उस दिशा में जाना किसी भी बड़ी मुसीबत का कारण बन सकता है।

यह बिल्कुल भी न सोचे कि मेरे मित्र या सहेली भी ऐसा करते हैं इसलिए मुझे भी ऐसा ही करना चाहिए। यदि आप आँख बंद करके एक के बाद एक वही गलतियॉ करते हैं, तो निश्चित रूप से यह एक अपराध को न्यौता दे सकता है। याद रखें, सोशल मीडिया रिश्तों के चक्र का विस्तार करने के लिए, वैचारिक रूप से समाज से जुड़ने का एक माध्यम है। किसी के जीवन को बाधित करना या उसे चोट पहुँचाना हमारा ध्येय कभी नहीं हो सकता। इसलिए हमें अपने जीवन में जो कुछ हासिल करना है, उस पर अधिक ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है, हम कैसे सोशल मीडिया पर आभासी चुनौतियों का मुकाबला करने के बजाय कोरोना और लॉकडाउन में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों से निपटते हैं। यह आप पर निर्भर है कि विभिन्न प्रकार के 'चैलेंज' में रमना हैं या 'लाइफ चैलेंज' को सफल बनाना हैं। अंततोगत्वा यह हम ही तय करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

Denik Meerut Darpan 8 october 2020_Denik Meerut Darpan 8 october 2020.qxd 10/8/2020 5:24 PM Page 4

मुजफ्फरनगर में रालोद की महारैली को लेकर छावनी बना जीआईसी का मैदान

मुजफ्फरनगर, एजेंसी। राष्ट्रीय लोकदल की गुरुवार को मुजफ्फरनगर में होने जा रही लोकतंत्र बचाओ महापंचायत और रैली को लेकर नगर सहित राजकीय इंटर कॉलेज का मैदान छावनी बन गया है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पुलिस प्रशासन द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान एवं महावीर चौक को छावनी में तब्दील कर दिया है। सुरक्षा की दृष्टि से बम निरोधक दस्ते एवं डॉग स्क्वायड के साथ सघनता से चेकिंग की जा रही है। पुलिस अफसर पुलिसकर्मियों को किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार रहने में जुटे हुए हैं । इसके पूर्व कृषि विधेयक और जयंत चौधरी पर लाठीचार्ज के विरोध में जीआईसी मैदान में होने वाली रालोद की महारैली को प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है। कोरोना संक्रमण के चलते भारी भीड़ जुटने की आशंका के चलते अनुमति नहीं दी गई। वहीं रालोद ने भी कदम पीछे खींचने से इंकार किया है, जिसे देखते हुए पुलिस-प्रशासन और रालोद में टकराव के हालात बन सकते हैं। लोकतंत्र बचाओ रैली को लेकर दिनभर रालोद और प्रशासन अपनी-अपनी तैयारियों में जुटा रहा। कार्यक्रम में रालोद के अलावा, कांग्रेस और सपा के नेता भी शामिल होंगे। महारैली की अनुमति को लेकर प्रशासन ने केवल 200 लोगों को

एकत्र करने की बात कही थी, जिस पर रालोद पदाधिकारी नहीं माने। रालोद ने हजारों की संख्या में किसानों के पहुंचने की बात कही। बुधवार रात को डीएम की अध्यक्षता में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। बताया जाता है कि रालोद के वरिष्ठ नेता भी एक प्रशासनिक अधिकारी से इस बारे में बात की है। प्रशासन और रालोद अपनी-अपनी बात पर अडिग रहे, जिसके चलते महारैली को देर रात तक अनुमति नहीं दी गई। डीएम सेल्वा कुमारी ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। ऐसा करने का प्रयास किया तो सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं टकराव को देखते हुए पुलिस ने भी तैयारी की है। भीड़ की आशंका के चलते छह जनपदों की पुलिस टीम के साथ गाजियाबाद और बुलंदशहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी तैनात रहेंगे। एसपी क्राइम दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को रालोद की महारैली को लेकर पूरी तैयारी है। 10 पीएसी कंपनी के साथ बुलंदशहर, गाजियाबाद, शामली, बागपत, मेरठ और सहारनपुर से फोर्स बुलाई गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ गाजियाबाद और बुलंदशहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को रहेंगे।

डा. शालिनी राकेश के बेटे प्रतीक की दुर्घटना में मौत

बागपत। सपा नेत्री डा. शालिनी राकेश के बेटे प्रतीक की सहारनपुर के देवबंद में दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि प्रतीक नोएडा से देहरादून अपनी गाड़ी से जा रहा था। उसकी कार डिवाइडर से टकरा गई है। युवक की मौत सूचना मिलते परिवार में कोहराम मच गया। इस हादसे से बागपत में शोक की लहर है। साथ विभिन्न स्थानों पर प्रतीक की आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

बागपत। नेहरू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित फिट इंडिया के तहत खेड़की गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान जनपदस्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, इसमें युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर बालकिशन मुखिया, देवदत शर्मा, मॉस्टर प्रेम शर्मा, खेल कोच हरबीर शर्मा, कृष्णपाल खलीफा, अरविन्द, नितिश, गौरव, अमित, अभिनव, विनित आदि थे।

महाराजा अग्रसेन सेवा समिति ने स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

बागपत । बड़ौत स्थित जिला कार्यालय पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति प्रदेश अध्यक्ष डा राजीव गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया और उनकी आरती की । इस अवसर पर समिति प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता, बागपत जिलाध्यक्ष राममोहन गुप्ता, प्रदेश सचिव मास्टर सचिन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष नितिन गुप्ता, मुदित गुप्ता, विपिन माहेश्वरी, आकाश गुप्ता, दीपांशु, विकास आदि उपस्थित रहे।

महापौर आशा शर्मा और नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने लगाई जन चौपाल

गाजियाबाद। आज वार्ड नंबर 22 पंचवटी,न्यू पंचवटी, वार्ड 33 सराय नजर अली, बजरिया, एवं वार्ड 52 मॉडल टाउन, कोट गांव, की सम्मिलित चौपाल मॉडल टाउन पार्क में माननीय महापौर आशा शर्मा जी एवं नगर आयुक्त महेंद्र सिंह जी द्वारा की गई है जिसमें की मा. पार्षद अभिषेक चौधरी, मा.पार्षद रेखा जैन, मा. पार्षद रजनीश चौधरी एवं स्थानीय आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी एवं जनता शामिल हुई। जन चौपाल के अंतर्गत नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जन चौपाल में मा.पार्षदों एवं जनता ने अपने अपने वार्ड की समस्याओं से महापौर जी एवं नगर आयुक्त जी को रू-बरू करवाया जिसमें सबसे ज्यादा समस्याएं लाइटों की एवं सीवर की पाई गई जिसके लिए एक लाइट स्पेक्टर सिटी जॉन प्रदीप कुमार जी को शिकायत पर हटाया गया एवं अधिशासी अभियंता मनोज प्रभात एवं योगेंद्र यादव जी को सीवर एवं लाइटों की समस्या 1 सप्ताह के अंदर सही करने के लिए निर्देश दिया गया। रेलवे रोड के पास ही बहुत पहले अंधेरा रहता था जहां पर हाल ही में अभी लाइटों की व्यवस्था कराई गई जिसके लिए कोर्ट गांव की जनता ने आभार व्यक्त किया एवं वहीं पास में ही एक सामुदायिक केंद्र बना हुआ है लेकिन वह अभी तक संचालित नहीं किया जा रहा है यह समस्या सुनकर महापौर जी एवं नगर आयुक्त जी ने अधिकारियों को तत्काल सामुदायिक केंद्र के संचालन के निर्देश दिए एवं वहां जन चौपाल में उपस्थित युवा पीढ़ी ने भी अपनी बात रखी जिसमें उन्होंने बताया सभी पार्क विकसित हो रहे हैं उनके खेलने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है अगर खेल के लिए कोई मैदान नहीं रहेगा तो आने वाली पीढ़ी खेल से दूर हो जाएगी जिससे शहर के युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य पर बहुत गहरा असर पड़ेगा इसलिए महापौर जी एवं नगर आयुक्त जी ने यह निर्णय लिया नगर निगम बड़े पार्कों में पार्क विकसित भी करेगा एवं खेल का मैदान भी बनाएगा और दोनों स्थानों पर अलग-अलग बोर्ड लगाएगा इससे युवा पीढ़ी को खेलने के लिए स्थान भी मिलेगा और कॉलोनी वासियों को पार्क में घूमने के लिए भी एक पार्क मिलेगा ऐसे ही।

VAS SPORTS RIFLE CLUB
AIR RIFLE & AIR PISTOL SHOOTING TRAINING
VIVEK ATRAY SHARMA
Sai Certified Shooting Coach
Ex. Coach:- Army Boys Sports Coy
(Shooting Coach Sports Authority of India)
Mob. 9319009991
Ph. + 121-645009
vsatya40009@gmail.com/ www.tenexe.com
B-1 Sangam Tower, Rohta Road Meerut - 250001 Ph. +121-2682255

डा0 विजय शर्मा
डायरेक्टर
9358119921
ॐ नमः शिवाय
गौरव चौहान
मैनेजर
9759171100
रघु नर्सिंग होम
PRO (विनोद) : 6397433244, 9105542083
K-6, पल्लवपुरम, फेस-2, पल्हैड़ा चौराहा, पंजाब नेशनल बैंक के पास, जी.टी. रोड, मेरठ।
24 घंटे इमरजेन्सी

दुर्गा स्वीट्स एण्ड कैटर्स
कैनरा बैंक के सामने, सरधना रोड
कंकर खेड़ा, मेरठ
राजेश खन्ना
M: 9719031727, 7017448474

SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY
Established by U.P. Act No. 26 of 2010 and Approved u/s 2(f) of UGC Act,1956
COURSE OFFERED :
DMLT | B.Sc. MLT | M.Sc. MLT | DMRT
BMRT | MRIT | DPT | BPT | MPT
B.Sc. (Medical Micro) | B.Sc. (Medical Bio Chemistry)
M.Sc. (Medical Micro) | M.Sc. (Medical Bio Chemistry)
D.OT | B.OPT | MBA (HOSPITAL MGM)
B.Tech. | M.Tech. | BCA | PGDCA | MCA
BBA | MBA | MBA (Exe.) | B.Com | M.Com
BA (JMC) | MA (JMC)
BA (MEDIA & DESIGN) | PG IN MASS COM
B.Sc. (Agri./Horti) | M.Sc. (Agriculture)
Bachelor of Design | Master of Design
B.A. LL.B. | LL.B. | LL.M.
B.Ed. | B.Sc. B.Ed.
D.El.Ed | B.A. B.Ed.
Diploma | Bachelor
Master in Yoga Science
B.Sc. | M.Sc.
Contact : 8859500706, 9917224111
CAMPUS : NH-24, Venkateshwara Nagar, Rajabpur, Gajraula, U.P.-244236 | Tel.: 9917224111, 8192997478, 479
MEERUT (Information Centre) : VGI Campus, NH-58 Delhi-Roorkee Bypass, Jatoli, Meerut | Tel.: 8859500706, 9917224111